तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **पाबुराम** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अतिरिक्त जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 335386650671991०	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
17/06/25	अपीलार्थी पाबुराम निवासी ग्राम हरियाढाणा, बिलाड़ा, जोधपुर 342601 ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 01.06.2025 को राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 के नियम 218 के तहत प्रतिलिपि एक्ट से कोई सत्यापित प्रतिलिपि इत्यादि प्राप्त करने के, आवेदन की सामान्य व तत्काल आवेदन शुल्क राशि कितनी है व ये ई ग्रास से जमा करवाई जा सकती है या नहीं की प्रमाणित छाया प्रति उपलब्ध करवाने व अन्य बिन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 574 दिनांक 30.05.2025 से बतलाया कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना पत्र दिनांक 06.06.2025 के द्वारा ऑनलाईन उपलब्ध करवा दी गई है। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.06.17 14:30:49 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 15966080